>

Title: Regarding missing of 61 trucks containing explosive Materials from RECL in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं सरकार का ध्यान इस विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि अखबारों में प्रकाशित हुआ कि धौलपुर से 61 ट्रक जिनमें एक्सप्लोसिव मैटीरियल था, गायब हो गए। धौलपुर राजस्थान का भाग है, यहां आरईसीएल गवर्नमेंट कंट्रोल फैक्ट्री है। यहां से 61 ट्रक पार हुए दो महीने हो गए हैं। इनमें विस्फोटक पदार्थ भरे हुए थे। कुछ अखबारों के अनुसार 61 ट्रक गायब हो गए और कुछ के अनुसार 58 ट्रक गायब हो गए लेकिन यह बात सही है कि ट्रक गायब हुए हैं। डीएम और डिवीजनल कमिश्नर की इंक्वायरी के लिए इसे छोड़ दिया गया है जबकि दो महीने हो चुके हैं। इन ट्रकों में जो सामान है वह उग्रवादियों के हाथ में न चला जाए। मुझे डर है कि कहीं यह सामान माओवादियों और असामाजिक तत्वों के हाथ में न चला जाए। राजस्थान राज्य बड़ा शांतिपूर्ण और साफ सुथरा है। अगर यह कहीं राजस्थान में ही रह गया और नक्सलवाद पनप गया तो एक और राज्य नक्सलवाद के लिए जुड़ जाएगा। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि विस्फोटक पदार्थ गायब होने की यह बहुत महत्वपूर्ण घटना है इसलिए तुंत कार्रवाई की जाए, इंक्वायरी की जाए। गणेश एक्सपलोसिव फैक्ट्री मध्य प्रदेश में है, यह फैक्ट्री बंद हो गई थी। यह माल क्यों भेजा गया? अब तक माल भी नहीं मिल रहा है। गणेश एक्सप्लोसिव फैक्ट्री का मार्च में लाइसेंस बंद हो गया था। भारत सरकार लाइसेंस देती है कि यह एक्सप्लोसिव आइटम यूज़ करेगा और इसके लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी थी लेकिन फिर भी उसे आरईसीएल ने माल दिया। यह बहुत गंभीर इंक्वायरी का विषय है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आंतरिक सुरक्षा की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): महोदय, मैं अपने आपको इस मामले के साथ संबद्ध करता हूं।